अमर उजाला

Himachal: फूड लाइसेंस की आड़ में बना रहे थे नकली दवाएं, कंपनी मालिक गिरफ्तार, पांच दिन के पुलिस रिमांड पर

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में पकड़ी नशीली दवाओं के मामले में पुलिस ने अब एक दवा कंपनी के मालिक को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दवा कंपनी मालिक के पास फूड लाइसेंस था लेकिन वह इस पर नशे की दवाओं के साथ-साथ अन्य दवाओं का भी निर्माण कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए पांच दिन की रिमांड पर लिया है। वहीं, इसी मामले में पहले पकड़े गए यूपी के शिव पूजन प्रजापति व अनुराग शुक्ला को अदालत ने 14 दिन के लिए जेल भेज दिया है।

Source: https://www.amarujala.com/shimla/company-owner-manufactures-narcotic-drugs-under-the-guise-of-a-food-license-arrested-2026-05-14